केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/समन्वय-प्रवेश-पत्र-2026/** **दिनांक: 05.05.2026**

**सेवा मे**

**प्रधानाचार्य/प्रमुख**
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय**
**(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)**

**विषय: कक्षा X 2026 की दूसरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रवेश-पत्र जारी करना**

**महोदया/महोदय,**

**बोर्ड 15 मई 2026 से कक्षा X 2026 की दूसरी परीक्षाएं** आयोजित कर रहा है। विद्यालय आज से अपने छात्रों के लिए प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे सख्त अनुपालन के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित निर्देशों का प्रसार करें:

1. **रिपोर्टिंग समय:** किसी भी उम्मीदवार को **प्रातः10:00** बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। छात्रों को स्थानीय मौसम और यातायात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना पहले से बनानी चाहिए और रिपोर्टिंग समय से पहले आगमन सुनिश्चित करना चाहिए।
2. **ड्रेस कोड और दस्तावेज:** उम्मीदवारों को उचित विद्यालय यूनिफॉर्म में रिपोर्ट करना होगा, जिसमें उनका **विद्यालय पहचान-पत्र** और **सीबीएसई द्वारा जारी प्रवेश-पत्र** दोनों होंगे। केवल निर्धारित स्टेशनरी मदों की अनुमति है। परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को रखना सख्त वर्जित है।
3. **आचरण:** उम्मीदवारों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम, यूट्यूब, एक्स आदि पर अफवाहें फैलाने या परीक्षा से संबंधित सामग्री साझा करने से बचना चाहिए।

परीक्षा केंद्र के रूप में नामित विद्यालय भी आज से अपने केंद्रों पर आवंटित उम्मीदवारों के लिए केंद्र सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं। **प्राइवेट उम्मीदवारों** को भी निर्देश दिया जाता है कि वे आज से अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लें।

सभी संबंधितों को इन दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है ताकि परीक्षाओं का सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

ह/-
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**नीचे दर्शाए गए अनुसार निदेशालय, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को इस अनुरोध के साथ प्रतिलिपि कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सभी विद्यालयों को इस जानकारी का प्रसार करें:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, दिल्ली-110016 (commissioner-kvs@gov.in)
2. आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा-201309 (nvsshww@gmail.com, commissioner.nvs@gov.in)
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (nests-tribal@tribal.gov.in, commissioner.nests@tribal.gov.in)
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001 (pvpsainikschool@gmail.com)
5. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003 (dg-sai@gov.in)
6. नौसेना शिक्षा सोसाइटी, नौसैनिक शिक्षा निदेशालय, वेस्ट ब्लॉक V, विंग II, द्वितीय तल, आर.के. पुरम, सेक्टर 1, नई दिल्ली-110066 nesnavy@gmail.com
7. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संघठन, N-1/9, दूरदर्शन केंद्र के समीप, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005 (oavsbbsr.od@gov.in)
8. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054 (diredu@nic.in)
9. निदेशक लोक निर्देश (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017 (dpi-chd@nic.in)
10. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101 (directorhehrdd@gmail.com)
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111 (dirschedn@sify.com)
12. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101 (dirschedn@sify.com)
13. निदेशक, विद्यालय शिक्षा विभाग, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, दूसरी मंजिल, सिविल सचिवालय, लेह-लद्दाख (pr.secy@ladakh.gov.)
14. निदेशक, विद्यालय शिक्षा निदेशालय, पुदुच्चेरी सरकार, ए" ब्लॉक, पहली मंजिल, पेरुंथलैवर कामराज सेंटेनरी एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, 100 फीट रोड, अन्ना नगर, पुदुच्चेरी-605 005. (dse-edn@py.gov.in)
15. निदेशक, संभोटा तिब्बती विद्यालय सोसाइटी, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश, (dhe-sml-hp@gov.in)
16. ग्रुप कैप्टन शिक्षा (विद्यालय) शिक्षा निदेशालय, वेस्ट ब्लॉक-VI, वायु सेना मुख्यालय (आरकेपी), आर के पुरम, नई दिल्ली-110066. (dopsmpr@iaf.nic.in)
17. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी भवन सं. 202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली कैंट-110010. (coordsection.aweshq@awesindia.edu.in)
18. अध्यक्ष के उप सचिव, अध्यक्ष, सीबीएसईकी जानकारी के लिए।
19. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष।
20. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस परिपत्र को बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों को भेजें।
21. वेब प्रशासक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करें।
22. मीडिया और जनसंपर्क, सीबीएसई को उचित प्रसार और प्रचार के लिए।